**Page Three**


**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आपदा प्रभावित गांवों की समस्या आज भी जस की तस बरकरार

**जिम्मेदार कौन ?** पैराड में क्वारीमिमिया गांव को जोड़ने वाला पैदल रास्ता आज भी पड़ा है बदहाल

- गांव में अब तक विस्थापन न हो पाना बड़ी समस्या बनी
- साल 2019 की भीषण आपदा की चपेट में आया गांव

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ। सीमांत के आपदा प्रभावित गांवों की समस्या आज भी जस की तस बरकरार है। हालात यह है कि सीमांत के आपदा प्रभावित गांवों के प्रभावितों की सुध जनप्रतिनिधि व सरकारी नुमाइंदे ले तक नही पाये है। हालात इतने बद्दतर हो चुके है कि पीड़ितों के दर्द आजतक नही भर पाये है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत तहसील मुंसयारी क्षेत्र के ग्रम पंचायत क्वारीजिमिया के तोक जिमिया गांव को जोड़ने वाला पैदल रास्ता आज भी पैराड में खासा बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है।



बता दें कि यह रास्ता वर्तमान में पूरी तरह से खाई में तब्दील हो चुका है। आलम यह है कि इलाके के ग्रमीणों के साथ ही गांव के अन्य जरूरतमंद बड़े बड़े पत्थरों के बीच जान हथेली में रखकर आवाजाही करने को मजबूर हो चुके है। गांव के पीड़ितों का दर्द आज भी यहां कम होने का नाम नही ले रहा है। सीमांत के गांव के आपदा प्रभावित ग्रमीण गांव के विस्थापन की लंबे समय से मांग भी उठा चुके है मगर आजतक उनकी समस्या का हल तक नही निकल पाया है।

इस मामले पर इलाके के ग्रमीण खस्ताहाल हो चुके पैदल रास्ते को ठीक कराने की मांग को लेकर कई बार चेता चुके है मगर आजतक उनकी उपेक्षा की जा रही है।

वही ऐसे में दूसरी ओर प्रभावितों की मुश्किलें कम होने का नाम नही ले रही है। एक बार फिर इलाके के ग्रमीण गांव को जोड़ने वाले पैदल रास्ते की खस्ताहाल स्थिति को लेकर पुरजोर मांग उठाने लगे है। ऐसे में उनकी समस्या का हल कब तक निकलेगा यह सवाल आज भी इलाके के ग्रमीणों के जहन में खड़ा है।

## न्यूज डायरी

### कच्ची शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में उपकरण बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून की कोतवाली पटेलनगर पुलिस की टीम ने घर पर चल रही कच्ची शराब की फैक्ट्री पकड़ी है। फैक्ट्री से भारी मात्रा में सिलिंडर और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर प्रदीप राणा ने बताया कि सूचना मिली कि धारावाली गोल मार्केट में एक व्यक्ति काफी समय से कच्ची शराब की भट्टी लगाकर बड़ी मात्रा में शराब बनाकर बेच रहा है। दरअसल, पुलिस टीम ने शुक्रवार को गोल मार्केट धारावाली मोहब्बेवाला में दबिश दी। मौके से एक व्यक्ति राकेश पुत्र जीत पाल सिंह निवासी गोल मार्केट धारावाली मोहब्बेवाला को गिरफ्तार किया गया जोकि अपने घर के पीछे शराब की भट्टी लागाकर कच्ची शराब बना रहा था। मौके पर कच्ची शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 500 लीटर लहन को पुलिस टीम द्वारा नष्ट किया गया। पकड़े व्यक्ति से गहनता से पूछताछ कर उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### रियलमी दुनिया में सर्वोच्च 6 स्मार्टफोन ब्रांड्स में से एक है

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होता हुआ स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ग्लोबल रैंकिंग्स में सर्वोच्च 6 स्मार्टफोन वेंडर्स में से एक बन गया है। यह जानकारी काउंटरप्वाइंट रिसर्च द्वारा किए गए बाजार के लेटेस्ट अध्ययन में सामने आई। रियलमी 2021 की दूसरी तिमाही में साल–दर–साल 135.1 प्रतिशत की वृद्धि एवं 15 मिलियन शिपमेंट्स के साथ छठवें स्थान पर रहा। उद्योग में एक प्रतिष्ठित कंपनी के रूप में इस विकसित होते हुए ब्रांड ने केवल तीन साल में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कंपनी के फाउंडर एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, स्काई ली ने अपने ओपन लैटर में कहा, "पिछले तीन सालों में हम एक नवजात शिशु से लेकर अब शेर के रूप में बड़े होकर आगे बढ़ रहे हैं।"

### अमेजन इंडिया ने 110,000 से ज्यादा नौकरियों के अवसरों का सृजन किया

**संवाददाता** देहरादून। आज अमेजन इंडिया ने घोषणा करके बताया कि त्योहारों से पूर्व कंपनी ने अपने ऑपरेशंस के नेटवर्क में 110,000 नौकरियों के अवसरों का सृजन किया है। नौकरियों का सृजन करने की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप, इन अवसरों में भारत में मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और चेन्नई आदि शहरों में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष नौकरियां शामिल हैं। अखिल सक्सेना, वीपी– कस्टमर फुलफिलमेंट ऑपरेशंस, एपीएसी, मेना एवं लातम, अमेजन ने कहा, "त्योहारों के मौसम के दौरान देश के ग्राहक अपने ऑर्डर्स की सुरक्षित, भरोसेमंद एवं तीव्र डिलीवरी के लिए अमेजन पर भरोसा करते हैं।

## अगले माह से शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम में शुरू होगा खनन

**संवाददाता** चम्पावत। मानसून के जाते ही जिला प्रशासन ने शारदा नदी के डाउन स्ट्रीम में खनन की तैयारियां शुरू कर दी। शुक्रवार को जिला सभागार में डीएम विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला खनन समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें आगामी खनन सत्र में की जाने वाली कार्य योजना पर चर्चा की गई। जिसमें तय किया गया कि अगले माह से खनन कार्य शुरू किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के साथ तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वन विकास निगम के डीएलएम हरीश पाल ने खनन कार्य योजना बताया कि कि खनन सत्र अक्टूबर 2021 से प्रारंभ होकर मई 2022 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि शारदा नदी से खनन सत्र 2021–22 हेतु उपखनिज की मात्रा निर्धारण के संबंध में कार्यदाई संस्था केंद्रीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से 25 सितम्बर 2021 के उपरांत सर्वेक्षण किया जाएगा। खनन सत्र के लिए वाहनों के पंजीकरण नवीनीकरण कार्य 20 सितम्बर 2021 से प्रारंभ कर दिए गए हैं। शारदा खनन क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं से कराए जाने वाले कार्यों के लिए 30 सितंबर तक उपकरणों की मरम्मत कार्य पूर्ण कराए जाने को कहा गया है। ताकि माह अक्टूबर से होने वाले खनन कार्य में बाधा ना पहुंचे। उन्होंने बताया कि चार लाख साठ हजार घन मीटर क्षेत्र से उन्नीस करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति का अनुमान है। डीएम तोमर ने कहा कि सभी खनन कार्य पूरे मानकों के अनुरूप से संचालित होंगे।



## भारत बंद के समर्थन में आए व्यापारिक व सामाजिक संगठन

**संवाददाता** बाजपुर। तीन कृषि कानूनों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 27 सितंबर को प्रस्तावित भारत बंद के समर्थन में क्षेत्र के विभिन्न व्यापारिक एवं सामाजिक संगठन आ गए हैं। इसे लेकर भाकियू की बैठक में बंद को सफल बनाने के लिए गहन मंथन कर अनेक निर्णय लिए गए।

शुक्रवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 27 सितंबर को प्रस्तावित भारत बंद को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक संगठनों के साथ बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि 27 सितंबर की सुबह छह से शाम चार बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखने के लिए व्यापारी भाइयों से अनुरोध किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि दुकान बंद नहीं करने वाले व्यापारियों का किसान सामाजिक बहिष्कार करेंगे और कोई भी किसान इनकी दुकान से सामान नहीं खरीदेगा।

# चम्पावत में आशाओं ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

**संवाददाता** चम्पावत। ऐक्टू के राष्ट्रव्यापी आंदोलन में शामिल जिले की आशा वर्करों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कलक्ट्रेट व तहसील मुख्यालयों में प्रदर्शन कर धरना दिया। आशाओं ने मुख्यमंत्री पर आशाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा दौरे में आशा वर्करों 20 सितंबर तक आशाओं के मासिक मानदेय पर शासनादेश जारी करने का वादा किया था। लेकिन कलक्ट्रेट में आशा वर्करों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। लंबित मांगों का निराकरण न

**कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन**

करने पर फिर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की चेतावनी दी है।

प्रदर्शन के दौरान उन्होंने अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रुक्मणी जोशी, जिला उपाध्यक्ष हेमा जोशी, विद्या देवी, लीलावती भट्ट, रेनू गोस्वामी, गीता देवी, कमला बिष्ट, नीलू महर, मालती देवी, उमा जोशी, लक्ष्मी रैंसवाल, नीरू देवी, संगीता, कमला जोशी, उषा थ्वाल, सीता चौधरी सहित दर्जनों आशाएं मौजूद रहीं। इधर लोहाघाट में आशाओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष सरस्वती पुनेठा ने के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर तक रैली निकाली और सरकार कि खिलाफ नारेबाजी की। कहा आशाओं के मानदेय बढ़ोत्तरी करने सहित विभिन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान नही किया तो गया तो आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

इधर पाटी, बाराकोट ब्लाक मुख्यालयों में आशा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान पदमा प्रथोली, आशा सामंत, रेखा देवी, हेमा जोशी, मंजू देवी, रितु बिष्ट, कुसम बोहरा, हेमा आदि मौजूद रहे। टनकपुर में भी आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बनबसा की आशाएं भी शामिल रहीं।

## पुलिस ने 26 पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** ऋषिकेश। कोतवाली पुलिस ने आल्टो कार में शराब तस्करी कर रहे एक व्यक्ति से 12 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके एक अन्य सहयोगी धनपाल के घर से पुलिस में 14 पेटी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इससे पहले ही धनपाल घर से फरार हो गया। आरोपित को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक महेश जोशी ने बताया कि शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस टीम ने अभियान चलाया है। श्यामपुर फाटक के पास चेकिंग के दौरान एक आल्टो कार को रोका गया तो कार चालक ने वाहन को खदरी रोड की तरफ भगा दिया। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। कुछ दूरी पर चालक ने कार को रोक दी और चालक कार से उतर कर खेत की ओर भागने लगा, जिसे पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अमित गोस्वामी उर्फ सोनू पुत्र केवल कृष्ण गोस्वामी निवासी आदिति बिहार खदरी रोड श्यामपुर ऋषिकेश बताया।